**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 23 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की। नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि  स्वाधीनता हासिल करने के लिए नेताजी की अथक प्रतिबद्धता और आजाद हिन्द फौज का साहसी नेतृत्व पीढियों को प्रेरित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के स्वाधीनता आंदोलन में नेताजी सुभाष चंद बोस का योगदान अतुलनीय है। श्री मोदी ने कहा कि नेताजी साहस और धैर्य के प्रतीक थे। उनकी दूरदृष्टि देश को आज भी प्रेरित कर रही है क्योंकि हम उनके सपनों का भारत बना रहे हैं।

****************************************************************

हरियाणा में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली लागत को कम करने के लिए 290 सरकारी भवनों पर रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इस पर लगभग 36 करोड़ रुपये की लागत आएगी।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में कल चंडीगढ़ में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति, विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति तथा उच्च अधिकार प्राप्त कार्य खरीद समिति की बैठक में इसे मंजूरी प्रदान की गई ।

बैठक में गुरुग्राम जिला में बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर ठोस कचरे का 4 माह में पूर्ण रूप से निस्तारण करने के लिए एजेंसी को ठेका दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय पर निस्तारण न होने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा।

बैठक में सीवरेज की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सुपर सकर मशीनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 13 करोड़ रुपए की लागत आएगी।इसके अलावा  यमुनानगर जिले के साढौरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को 50 बिस्तरों वाले अस्पताल में उन्नयन करने को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस पर लगभग साढ़े 12 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, 39 करोड़ रुपये की लागत से गुरुग्राम के सेक्टर-99 से 115 तक मास्टर सीवर लाइन के निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई।बैठक में थानेसर टाउन में आवासीय कॉलोनियों के लिए 16 करोड़ रुपये की लागत से अपशिष्ट जल उपचार सयन्त्र के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों को भी मंजूरी दी गई।

*****************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होती है, जो देश निर्माण में सहयोग करती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति लागू करने का फैसला लिया है और हरियाणा सरकार इसी वर्ष से इस शिक्षा नीति को लागू करने जा रही है। राज्यपाल पिंजौर के ब्रह्मर्षि आश्रम विराटनगर में में ब्रह्मर्षि विश्वात्मा बावरा जी महाराज की अन्तर्राष्ट्रीय जयंती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।श्री दत्तात्रेय ने कहा कि देश का आधार नैतिक मूल्यों से है। नई शिक्षा नीति में नैतिक मूल्यों से युक्त शिक्षा शामिल की गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने से भी देश की उन्नति होगी।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने  कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्रदेश सरकार ने  गत 10 वर्षों में लैंगिक भेदभाव को दूर करने, बालिकाओं को शिक्षा के उचित अवसर उपलब्ध करवाने, उनके सपनों को पूरा करने तथा उनके अधिकारों और अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर

कार्य किया है।उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत गत 10 वर्षों में प्रदेश में लिंगानुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। वर्ष 2014 में प्रदेश का लिंगानुपात 861 था जो अब बढ़कर 910 तक पहुंच गया है। राज्य सरकार इस सामाजिक कुरीति को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए लगातार संजीदगी से प्रयास कर रही है ताकि लैंगिक भेदभाव को पूर्ण रूप से दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल चंडीगढ़ में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि लिंगानुपात में अधिक सुधार करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर गंभीरता से कार्य कर रही है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी लगन से कार्य करें।

****************************************************************